मध्य प्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग
मंत्रालय, भोपाल

Concerned to website

क्रमांक 2018/1366/18–5/2021 भोपाल, दिनांक 29/10/2021

प्रति,

आयुक्त सह संचालक,
नगर तथा ग्राम निवेश,
भोपाल, (म0प्र0)

विषय :– राज्य नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक के संबंध मे।

––00––

विषयान्तर्गत लेख है कि भोपाल विकास योजना क्षेत्र के लिए मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में एवं अन्य स्थानों के लिए माननीय मंत्री जी मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग की अध्यक्षता में भूमि आवंटन हेतु राज्य नजूल निर्वर्तन समिति गठित है।

उक्त समिति में बैठक के पूर्व जिला/संभाग स्तर पर नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक में प्रकरण रखे जाते हैं। संज्ञान में आया है कि जिला/संभाग स्तर पर बैठक में नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय द्वारा जो जानकारी प्रेषित की जाती है वह स्पष्ट नहीं होती है। जिसके कारण राज्य स्तर की बैठक में अप्रिय स्थिति निर्मित होती है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि जिला नजूल निर्वर्तन समिति एवं संभाग नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक में सभी संबंधित जिला कार्यालय विकास योजना में निर्दिष्ट भूमि उपयोग के संबंध में स्पष्ट जानकारी प्रेषित करें जिसमें निम्न का समावेश हो :–

1. प्रश्नाधीन भूमि का संबंधित विकास योजना में विनिर्दिष्ट उपयोग।
2. निर्दिष्ट उपयोग के तहत प्रस्तावित गतिविधि स्वीकार्य है अथवा नहीं, की जानकारी मय इससे संबंधित विकास योजना की कंडिका का उल्लेख करते हुए।
3. विकास योजना के रंगीन मानचित्र तथा खसरा पैनल के भाग पर प्रश्नाधीन भूमि अंकित कर इसकी प्रति।

उपरोक्त प्रेषित जानकारी (scanned) संबंधित जिला कार्यालय से ई–मेल के माध्यम से प्राप्त कर संचालनालय में संधारित करें ताकि आवश्यक होने पर जानकारी सुलभ रूप से यथा–समय प्राप्त हो सके।

(मनीष सिंह)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग

संचालनालय
नगर ... ग्राम निवेश
भोपाल क्र. 1430
दिनांक 29/10/2021
शाखा ...
(अनु. संख्या / स्थाई)

put up on file
कृपया सुनिश्चित करें कि Directorate से 2/11/21 तक इस संबंध में निर्देश जारी हो जाए।
30/10/21

2021/other/letter